अपना शहर अपना खबर

वर्ष :-2
अंक:-32
26, फरवरी,2026
गुरुवार

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

## सोहसराय में बारात पर पथराव से हड़कंप, प्रशासन की तत्परता से हालात नियंत्रित



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहारशरीफ के सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मोगलकुआं इलाके में मंगलवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान बारात पर पथराव की घटना से अफरा-तफरी मच गई। घटना उस समय हुई जब बारात मोगलकुआं बौलीपर से जलालपुर स्थित एक मैरिज हॉल की ओर बढ़ रही थी। सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और स्थिति को नियंत्रित किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बारात जब एक धार्मिक स्थल के पास से गुजर रही थी, उस समय डीजे की धुन पर बाराती नृत्य कर रहे थे। कुछ स्थानीय लोगों द्वारा आपत्ति जताए जाने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि आपत्ति के बाद डीजे बंद कर दिया गया और बारात आगे बढ़ने लगी। इसी दौरान अचानक 50-60 लोगों की भीड़ ने बारातियों तथा डीजे वाहन पर पथराव शुरू कर दिया।

पथराव होते ही मौके पर भगदड़ मच गई। बारात में शामिल महिलाएं और बच्चे सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। कुछ लोगों के साथ कथित अभद्र व्यवहार की भी सूचना है। हालांकि किसी गंभीर रूप से घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना से क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर बड़ी संख्या में ईंट-पत्थर पहले से मौजूद थे, जिससे घटना पूर्व नियोजित होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं पुलिस ने इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है और मामले की जांच जारी है। घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, नगर आयुक्त, सदर एसडीएम तथा एसडीपीओ सहित कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। एहतियातन संबंधित मैरिज हॉल के आसपास भी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।


प्रशासन ने आम लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इलाके में पुलिस कैंप कर रही है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

सोहसराय क्षेत्र में इस घटना के बाद एहतियात के तौर पर निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविकता सामने आएगी।



## बिजली स्टेक हटाने की मांग पर कथित अभद्रता और घूस का आरोप

### पीड़ित ने डीजीपी से लगाई न्याय की गुहार



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के शिवपुरी, नाला रोड, रामचंद्रपुर निवासी श्याम सुंदर प्रसाद (पिता- सरयुग प्रसाद) ने बिहार के पुलिस महानिदेशक को आवेदन भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि शहरी क्षेत्र के विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज, मारपीट और रिश्वत की मांग की गई, लेकिन बिहार थाना में उनकी प्राथमिकी अब तक दर्ज नहीं की गई है।

श्याम सुंदर प्रसाद ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि 21 फरवरी को वे अपने आवासीय मकान में लगाए गए विद्युत स्टेक को हटवाने के संबंध में अस्पताल मोड़ स्थित विद्युत विभाग कार्यालय गए थे। उनका कहना है कि सड़क और नाला निर्माण के दौरान झुक रहे बिजली पोल को स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित करने के बजाय विभागीय कर्मियों ने अस्थायी स्टेक उनके घर की बाउंड्री से लगभग 15 फीट अंदर गाड़ दिया। उस समय विरोध करने पर उन्हें आश्वासन दिया गया था कि एक सप्ताह के भीतर इसे हटा लिया जाएगा, किंतु छह माह बीत जाने के बाद भी स्टेक नहीं हटाया गया।

पीड़ित का आरोप है कि स्टेक के आसपास करंट प्रवाहित होता रहता है, जिससे उनके पालतू पशु, पत्नी और बच्चों को कई बार करंट का झटका लग चुका है। उन्होंने बताया कि एक बार उनकी गाय भी करंट की चपेट में आ चुकी है। परिवार असुरक्षा की स्थिति में जीने को मजबूर है।

आवेदन के अनुसार, जब वे इस समस्या के समाधान के लिए कार्यपालक अभियंता से मिले तो उनसे दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। असमर्थता जताने पर अभियंता कथित रूप से आक्रोशित हो गए और उनके साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उनके साथ मारपीट की गई, गाली-गलौज की गई तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके जेब से दस हजार रुपये और लगभग 15 ग्राम सोने की सिकड़ी छीन ली गई। पूरे घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग कार्यालय परिसर के सीसीटीवी कैमरे में दर्ज होने का दावा किया गया है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप पर पुलिस मौके पर पहुंची। श्याम सुंदर प्रसाद ने बिहार थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की तथा सदर अस्पताल बिहारशरीफ में प्राथमिक उपचार कराया। उनका आरोप है कि अब तक संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

पीड़ित ने न्याय की मांग करते हुए पुलिस महानिदेशक से बिहार थाना को प्राथमिकी दर्ज करने और निष्पक्ष जांच का निर्देश देने की अपील की है। आवेदन की प्रतिलिपि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली तथा नालंदा के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली है।

श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल जनहित में लगाए गए अस्थायी स्टेक को हटवाना था, ताकि उनके परिवार और पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने प्रशासन से अविलंब दुर्व्यवहार व मारपीट करने वाले विद्युत कार्यपालक अभियंता, शहरी व उनके कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।



# SAI BODHIT PVT. LTD.

बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।

## SHRIEJAN HEIGHTS

कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।

LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF

चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........



RERA APPROVED

Project Registration Number
BRERAP19200101102525043 2E00

from ₹~~4251~~ TO ₹4551/*sq.ft

60%
Free Area



COMFORT, LUXURY
WELLNESS

**Amenities:**

- Swimming Pool
- Vastu Compliant Design
- Kids' Play Area
- Volleyball / Badminton Court
- Cricket net pitch
- Landscape & Roof Top Garden
- Temple in Premises
- Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
- 100% Power Backup
- Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
- EV Reserved Car Parking

Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004

Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)

**Contact us today to book your site visit!**

# मोहनपुर हैचरी में पूर्वोत्तर के 27 किसानों को मिला वैज्ञानिक मत्स्य बीज उत्पादन का प्रशिक्षण



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्षमता निर्माण एवं आदान सहायता कार्यक्रम के तहत नालंदा जिले के मोहनपुर स्थित मत्स्य हैचरी उत्पादन केंद्र का प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में असम, सिक्किम, त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड से आए 27 प्रगतिशील किसान एवं मत्स्य उद्यमी शामिल हुए। प्रतिभागियों में प्रमुख रूप से रंजीत दास, मनोज बरुआ, प्रीतम देब, ललित गुरुंग, बिनोद सुब्बा, अजय त्रिपाठी, संजीत देबनाथ, थांगजाम रंजीत, नेल्सन संगमा, केविन लिंगदोह, प्रकाश जमीर,मोनोजित दत्ता, देबाशीष नाथ, रोशन छेत्री, दामोदर राभा, संतोष देब, विक्रम सुब्बा, जीतेंद्र कलिता, मेघा लिंगदोह, राजेश्वर राभा, अभिनव देबबर्मा, ताशी भूटिया, बिशाल सरकार, दीपक नाग, हेमंत कलिता, अर्नब दास एवं राकेश लामा शामिल थे।


मोहनपुर मत्स्य हैचरी उत्पादन केंद्र के संचालक शिवजी ने कतला, रोहू, मृगल एवं ग्रास कार्प जैसी प्रजातियों के कृत्रिम प्रजनन, हैचिंग, फ्राई और फिंगरलिंग उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही जल गुणवत्ता प्रबंधन, संतुलित आहार, रोग नियंत्रण और तालाब प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉ. विश्वजीत देवनाथ (वरिष्ठ वैज्ञानिक), डॉ. तारकेश्वर कुमार (वैज्ञानिक) तथा अमरेंद्र कुमार (तकनीकी अधिकारी) उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए अपने राज्यों में आधुनिक तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया।









अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा
गुरुवार
26,फरवरी,2026


# भूमिहीनों के अधिकार को लेकर हिलसा में भाकपा–माले का धरना-प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन




हिलसा (अपना नालंदा)। भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल जमीन देने, वर्षों से बसे गरीबों को वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने तथा नौडीहा मठ की जमीन पर बटाईदार किसानों के जोत-आबाद पर लगी रोक हटाने की मांग को लेकर भाकपा–माले के बैनर तले हिलसा प्रखंड एवं अंचल मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने "जो जमीन सरकारी है, वह जमीन हमारी है" जैसे नारों के साथ अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया।

धरने की अध्यक्षता प्रखंड कमेटी सदस्य शिव शंकर प्रसाद ने की। सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव अरुण यादव ने आरोप लगाया किमुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लंबे शासनकाल में भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन और गरीबों को वासगीत पर्चा देने की घोषणा तो की गई, लेकिन जमीनी स्तर पर इसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भूमिहीन परिवार वर्षों से सरकारी जमीन पर बसे हैं, लेकिन लैंड बैंक के नाम पर उन्हें उजाड़ने की कोशिश की जा रही है, जो न्यायालय के आदेशों के विरुद्ध है।

वक्ताओं ने नौडीहा मठ की जमीन पर बटाईदार किसानों को जोतने से रोकने को प्रशासनिक साजिश बताया। साथ ही राशन वितरण में डीलरों की मनमानी और म्यूटेशन प्रक्रिया में भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठाए गए।

धरना के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को सौंपा तथा चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो चरणबद्ध आंदोलन तेज किया जाएगा।

# हिलसा में यूडीआईडी कार्ड हेतु तीन दिवसीय विशेष शिविर संपन्न, 18 दिव्यांगजनों ने किया आवेदन



हिलसा (अपना नालंदा)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हिलसा परिसर में दिव्यांगजनों के लिए यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड निर्माण तथा संबल योजना के अंतर्गत आवेदन भरने को लेकर आयोजित तीन दिवसीय विशेष शिविर बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें आवश्यक प्रमाणन की प्रक्रिया को सरल बनाना था।

शिविर के दौरान दिव्यांगजनों ने निर्धारित प्रपत्र में अपनी आवश्यक जानकारियां भरकर संबंधित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करते हुए यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए आवेदन जमा किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया, जिससे आवेदकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुजीत कुमार बरनाला ने बताया कि इस शिविर का आयोजन नालंदा समाहरणालय स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, बिहार शरीफ के तत्वावधान में किया गया। उन्होंने कहा कि यूडीआईडी कार्ड बनने के बाद दिव्यांगजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, पेंशन, छात्रवृत्ति, सहायक उपकरण तथा अन्य सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। यह कार्ड एक समान पहचान पत्र के रूप में पूरे देश में मान्य होता है।

तीन दिनों तक चले इस विशेष शिविर में कुल 18 दिव्यांगजनों ने आवेदन जमा किया। शिविर के दौरान डॉ. पुनम सागर, डॉ. गौरी शंकर, डॉ. एस.के. सुधाकर, डॉ. राजीव रंजन, रंजीत रंजन, शैलेन्द्र कुमार यादव समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा।










# लखाचक में बिजली लाइन काटने के दौरान पोल से गिरा मानव बल, हाथ टूटा



थरथरी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के लखाचक गांव में बकाया बिजली बिल के कारण लाइन काटने पहुंचे मानव बल कर्मी के साथ हादसा हो गया। विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन काटने के दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान अस्ता खरजमा गांव निवासी धनतेरस चौधरी के पुत्र सुजीत कुमार चौधरी के रूप में की गई है। घटना के तुरंत बाद साथ में कार्य कर रहे कर्मी गोपाल कुमार ने उसे आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थरथरी में भर्ती कराया।गोपाल कुमार ने बताया कि लखाचक गांव में एक उपभोक्ता का बिजली बिल बकाया था। विभागीय निर्देश पर लाइन काटने के लिए सुजीत कुमार विद्युत पोल पर चढ़े थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से उनका पैर फिसल गया और वे सीधे जमीन पर आ गिरे। गिरने से उनके हाथ में गंभीर चोट आई है। घायल सुजीत कुमार ने बताया कि गिरने के दौरान उनका हाथ टूट गया है और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं।पीएचसी थरथरी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

# मुकुंदन बिगहा में बिजली चोरी पर छापेमारी, दो पर 97 हजार से अधिक का जुर्माना

थरथरी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के मुकुंदन बिगहा गांव में बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। एसडीओ प्रदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में टोका फंसाकर तीन एचपी का मोटर चलाते हुए दो लोगों को रंगे हाथ पकड़ा गया। एसडीओ प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान अवैध रूप से बिजली उपयोग की पुष्टि होने पर साधु गोप पर 48 हजार 867 रुपये तथा राजीव सिन्हा उर्फ राजू पर 48 हजार 867 रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोनों पर कुल 97 हजार 734 रुपये की आर्थिक दंडात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही दोनों के खिलाफ संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया।उन्होंने कहा कि बिजली चोरी से विभाग को आर्थिक क्षति पहुंचती है और इससे अन्य उपभोक्ताओं पर भी असर पड़ता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।छापेमारी अभियान में राजीव कुमार, जेई संकेत कुमार, मानव बल विनय कुमार एवं सुजीत कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि विद्युत चोरी के मामले में दोनों आरोपितों के






# डॉ. सुनील कुमार ने सदन में उठाया आवास योजना में अनियमितता और अवैध वसूली का मुद्दा




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ के माननीय विधायक डॉ. सुनील कुमार ने बिहार विधानसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी गंभीर गड़बड़ियों और अवैध वसूली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में असर्वेक्षित भूमि पर वर्षों से निवास कर रहे गरीब एवं असहाय परिवार योजना के लाभ से वंचित हैं। सर्वेक्षण नहीं होने के कारण अनेक पात्र लाभुकों का नाम सूची में शामिल नहीं हो पा रहा है, जिससे उन्हें पक्का आवास मिलने का अधिकार नहीं मिल रहा।विधायक ने कहा कि योजना का उद्देश्य हर जरूरतमंद परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही और अनियमितता के कारण वास्तविक लाभुकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके साथ ही उन्होंने रहुई प्रखंड में योजना के लाभ दिलाने के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का गंभीर आरोप भी सदन में रखा। उन्होंने बताया कि एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लाभुकों से राशि मांगने की बात उजागर होती है। इसे अत्यंत चिंताजनक बताते हुए उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

डॉ. सुनील कुमार ने स्पष्ट कहा कि गरीबों के हक में किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरतमंद परिवारों को उनका अधिकार दिलाने की लड़ाई सदन के भीतर और बाहर मजबूती से जारी रहेगी।

# भारतीय जनता पार्टी नालंदा का प्रशिक्षण महाभियान: कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक मजबूती का मंत्र



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला कार्यालय मेहनौर में जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सैय्यद शहनवाज हुसैन, प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा, धार्मिक न्यास बोर्ड अध्यक्ष रणवीर नंदन, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष मृत्युंजय झा, प्रदेश प्रवक्ता दानिश इकबाल उपस्थित रहे। कार्यशाला प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता मनीष कुमार पांडेय थे, जबकि क्षेत्रीय सह प्रभारी जितेन्द्र नीरज एवं ओबीसी मोर्चा प्रभारी अचल कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे।

सैय्यद शहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और बिहार के विकास की चर्चा की। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण अभियान मंडल से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करेगा।कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश्वर सिंह, आश्रिती शर्मा, प्रोफेसर रामसागर सिंह, अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा, चंद्रकांता सिन्हा ने विचार रखे। जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेंद्र कुमार, शिव शंकर दास, नीरज कुमार डब्लू, सावो देवी, तेजस्विता राधा की सहभागिता रही। जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, शिवरतन, जिला मंत्री प्रवीण सिंह, राजीव कुमार, रंजू कुमारी, आईटी सेल संयोजक अमित शान, धीरज पाठक, विकास चंद्रवंशी, सतीश कुमार, अमरकांत भारती, रुचि श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# संपादकीय

जेपी चौधरी

## ऑनलाइन सनक से परेशान होकर कूदकर आत्महत्या कर ली



ऑनलाइन गेमिंग के भ्रमजाल में फंसकर, उसे हकीकत मानकर जीने वाले किशोरवय जरा से विचलन से आत्मघात की राह पकड़ना अंतिम समाधान समझ लेते हैं। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गईं। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुड़ने के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया और बच्चों को लेकर फिक्र बढ़ा दी। निस्संदेह, ये आत्मघात की घटनाएं, ऑनलाइन गतिविधियों के अतिरेक से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को लेकर गंभीर सवालों को जन्म देती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि गाजियाबाद में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। पुलिस भी प्रथम दृष्टया मान रही है कि इस दुखद घटना के पीछे ऑनलाइन गेमिंग ऐप का अत्यधिक उपयोग और घर में इसके इस्तेमाल को लेकर हुआ विवाद था। वहीं दूसरी ओर जांच अधिकारी अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले पारिवारिक परिस्थितियों और मनौवैज्ञानिक स्थिति सहित सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। इसी तरह कल्लू की घटना भी विचलित करने वाली है। जहां विदेश में रहने वाले एक ऑनलाइन गेमिंग मित्र के साथ संपर्क टूट जाने के बाद अत्याधिक मानसिक व्याकुलता से ग्रस्त पंद्रह वर्षीय छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।निश्चित रूप से आत्मघात की ये घटनाएं हमारे नीति-नियंताओं और अभिभावकों को आसन्न संकट के प्रति सचेत करती हैं। दरअसल,ये दुखद घटनाएं एक घातक प्रवृत्ति को ही उजागर करती हैं कि गेमिंग और डिजिटल संपर्क लाखों युवाओं को आभासी समुदाय और मनोरंजन तो प्रदान कर सकते हैं, लेकिन साथ ही ये भावनात्मक कमजोरियों,सामाजिक अलगाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की पूर्ति न होने जैसी समस्याओं को भी जन्म दे सकते हैं।

## मां भगवती देवी स्थान परिसर में आज से शुरू होगा अखंड कीर्तन



हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।सरथा गांव स्थित मां भगवती देवी स्थान परिसर में आज से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा। वहीं बुधवार को

मुख्य जजमान पिंकी कुमारी ,महेश चंद्र सिंह , विनीता देवी , प्रियंका कुमारी , सर्वेश आदि सहित 151 श्रद्धालुओं ने सर पर क्लश रखकर क्लश शोभायात्रा निकाली। वहीं इस धार्मिक अनुष्ठान में पुरोहित शशि भूषण पांडे व हंसराज पांडे दिनेश पांडे लगे हैं।वहीं समाजिक कार्यकर्ता सह नपं के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ,शुभम, अजीत,सुजीत,वैभव व सानू ने बताया कि समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है । पुरोहित ने बताया कि शुक्रवार को अखंड कीर्तन का समापन,पुजा,कन्या पुजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलेगा।

## सदर आलम मेमोरियल स्कूल में दो दिवसीय खेल महोत्सव, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, दिनकर नगर, मोहनपुर (नालंदा) में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव का आयोजन नेहरू युवा केंद्र के व्यवस्थापन में हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

प्रतियोगिता में सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल (बिहारशरीफ), तीर्थंकर महावीर विद्या मंदिर (टीएमवीएम) पावापुरी, लोयोला पब्लिक स्कूल हरनौत तथा नालंदा विद्या मंदिर के प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता के साथ-साथ टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करना था।

खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, हैंडबॉल, लंबी कूद, 1600 मीटर बालक दौड़ तथा 800 मीटर बालिका दौड़ जैसी विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। सभी मुकाबले रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों से उनका हौसला बढ़ाया।

कबड्डी (बालक वर्ग) में सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, दिनकर नगर, मोहनपुर की टीम विजेता बनी, जबकि कबड्डी (बालिका वर्ग) में तीर्थंकर महावीर विद्या मंदिर, पावापुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हैंडबॉल (बालक वर्ग) में लोयोला पब्लिक स्कूल, हरनौत की टीम ने जीत हासिल की, वहीं हैंडबॉल (बालिका वर्ग) में सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल ने बाजी मारी।लंबी कूद (बालिका वर्ग) में पलक कुमारी ने प्रथम, नरगिश परवीन ने द्वितीय और साधना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद (बालक वर्ग) में जुनैद मलिक प्रथम, साहिल कुमार द्वितीय तथा अनमोल कुमार तृतीय रहे। 1600 मीटर बालक दौड़ में अफसर मलिक ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि रजनीश कुमार द्वितीय और अनमोल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रतिभागी विद्यालयों के कोचों में सौरभ कुमार झा (मोहनपुर), मोहम्मद फैय्याज (बिहारशरीफ), गौरव कुमार (टीएमवीएम), मुकेश कुमार झा (लोयोला पब्लिक स्कूल) तथा नीतीश कुमार (नालंदा विद्या मंदिर) की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी कोचों ने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन प्रदान किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला युवा अधिकारी सह आयोजक दीक्षा मिश्रा की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल गौसिया परवीन ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं।

दो दिवसीय यह खेल प्रतियोगिता उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, कोचों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

## बंद घर का ताला तोड़ चोरी, नकद व आभूषण सहित लाखों की संपत्ति गायब

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर पटना रोड स्थित अनिमा पेट्रोल पंप के समीप एक बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर के अंदर रखे एक लाख साठ हजार रुपये नकद सहित लगभग पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया।घटना के संबंध में पीड़ित गृहस्वामी कुमारी प्रभा ने इस्लामपुर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु लिखित आवेदन दिया है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि उनका मकान इस्लामपुर पटना रोड पर अनिमा पेट्रोल पंप के पास स्थित है। वह अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर गांव गई हुई थीं। बुधवार की सुबह जब वह वापस लौटीं तो मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ पाया।घर के अंदर प्रवेश करने पर देखा कि कमरे का ताला भी तोड़ा गया था और गोदरेज अलमारी का लॉक क्षतिग्रस्त था। अलमारी में रखे एक लाख साठ हजार रुपये नकद, सोने की चेन, दो गला सेट, सोने का लॉकेट, अंगूठी तथा चांदी की पायल समेत अन्य कीमती सामान गायब थे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# हरनौत में शांति समिति की बैठक: प्रशासन सख्त, हुड़दंगियों पर रहेगी कड़ी नजर



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। होली महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को हरनौत थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहारशरीफ के एसडीएम किसलय श्रीवास्तव, एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल, बीडीओ डॉ. पंकज कुमार, नगर पंचायत ईओ सौरभ सुमन, 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने की।इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि एवं डीजे संचालक भीमौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी से होली को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि पर्व के दौरान हुड़दंग, अशांति या कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर सीधी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर भी कड़ी नजर रहेगी।

प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

इधर तेलमर थाना परिसर में भी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें पाकड़ पंचायत के मुखिया हरिनारायण सिंह, तेलमर मुखिया विद्यानंद बिंद, सोराडीह मुखिया रणविजय सिंह पटेल एवं जदयू नेता रोहित कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हरनौत में टूटा आरसीसी ढक्कन, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत स्थित बिजली आपूर्ति प्रशाखा कार्यालय के समीप नाले का टूटा आरसीसी ढक्कन दुर्घटना का कारण बन सकता है। कार्यालय आने-जाने वाले बिजली कर्मियों और उपभोक्ताओं को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन परियोजना के अंतर्गत बनाए गए नाले का ढक्कन टूटकर मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे राहगीरों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।

बताया जाता है कि इस मार्ग से स्कूली बच्चे भी गुजरते हैं। ऐसे में किसी भी समय हादसा होने की आशंका बनी हुई है। लोगों का कहना है कि नाला निर्माण में मानक और गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण कुछ ही वर्षों में ढक्कन जर्जर होकर टूट गया। वहीं कुछ लोगों ने यह भी बताया कि पास में बिजली विभाग का गोदाम निर्माणाधीन है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही के कारण ढक्कन क्षतिग्रस्त हुआ हो सकता है।

ज्ञात हो कि बाजार क्षेत्र में फोरलेन के दोनों किनारों पर आरसीसी नाला बनाया गया है, लेकिन कई स्थानों पर ढक्कन नहीं लगाया गया है। परिणामस्वरूप नालों में कूड़ा-करकट जमा होकर जलनिकासी व्यवस्था बाधित हो रही है।

इस संबंध में परियोजना प्रबंधक राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। शीघ्र ही निरीक्षण कर मरम्मत कार्य कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# शाहाबाद, सैदी व पटोरिया में पुलिस की दबिश, 600 लीटर शराब बनाने का कच्चा माल नष्ट



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कतरीसराय थाना क्षेत्र के शाहाबाद, सैदी और पटोरिया गांवों में पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने लगभग 600 लीटर छोवा, जो शराब निर्माण के लिए तैयार किया गया कच्चा माल था, बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने विभिन्न संभावित ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। छापेमारी के दौरान खेतों और सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखा गया बड़ी मात्रा में छोवा बरामद हुआ। पुलिस ने उसे तत्काल बहाकर नष्ट कर दिया ताकि दोबारा उसका उपयोग न हो सके। हालांकि कार्रवाई के दौरान अवैध चुलाई शराब और कारोबार में संलिप्त धंधेबाज पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। बताया जा रहा है कि पुलिस की भनक लगते ही आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है।इस अभियान का नेतृत्व एएसआई रुदल पासवान ने किया। उनके साथ थाना पुलिस के अन्य जवान भी मौजूद थे। थाना पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# अवैध क्लीनिकों पर कसेगी नकेल, चिकित्सा प्रभारी ने बीडीओ को लिखा पत्र



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहे अवैध नर्सिंग होम और निजी क्लीनिकों पर अब प्रशासन सख्ती की तैयारी में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने इस संबंध में बीडीओ डॉ. पंकज कुमार को आधिकारिक पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की अनुशंसा की है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बिना वैध लाइसेंस के कई नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। इन संस्थानों में न तो योग्य चिकित्सक उपलब्ध हैं और न ही प्रशिक्षित पैरामेडिकल कर्मी तैनात हैं, जिससे आमजनों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।चिकित्सा प्रभारी ने बीडीओ से अनुरोध किया है कि ऐसे सभी संदिग्ध स्वास्थ्य केंद्रों की सघन जांच कराई जाए। साथ ही, अवैध रूप से संचालित संस्थानों को तत्काल सील करते हुए उनके संचालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके।

# इस्लामपुर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक, हुड़दंग व शराब पर सख्ती की चेतावनी



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से इस्लामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि होली के दौरान हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। अश्लील गाना बजाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांति और सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील की। साथ ही स्पष्ट किया कि शराब माफियाओं परविशेष निगरानी रखी जाएगी तथा होलिका दहन तक विभिन्न स्थानों पर रात्रि गश्ती की व्यवस्था रहेगी। शराब पीकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि होली रंगों और भाईचारे का पर्व है, इसे मर्यादा और अनुशासन के साथ मनाएं। किसी पर जबरन रंग या कीचड़ न डालें। यदि कोई व्यक्ति शराब बेचते या पीते पकड़ा गया तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साहू, सामाजिक नेता श्रीनिवास शर्मा, जदयू नेता शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, भाजपा नेता विजय विश्वकर्मा, उप मुख्य पार्षद तनवीर आलम, रविंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हॉस्पिटल मोड़ पर मजदूरों का धरना, सरकार को सौंपा ज्ञापन




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रव्यापी धरना एवं आंदोलन के समर्थन में भारतीय मजदूर संघ नालंदा द्वारा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के हॉस्पिटल मोड़ पर धरना दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला मंत्री सुधीर पटेल ने किया। बड़ी संख्या में श्रमिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

सुधीर पटेल ने बताया कि 6, 7 और 8 फरवरी को उड़ीसा के पुरी में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में लिए गए प्रस्तावों के आलोक में प्रत्येक जिले में धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। प्रमुख मांगों में सभी श्रमिकों पर समान रूप से श्रम कानून लागू करना, ठेका प्रथा समाप्त कर ठेका श्रमिकों को नियमित करना, आंगनबाड़ी, आशा व मध्यान भोजन कर्मियों को सरकारी कर्मचारी घोषित करना, त्रिपक्षीय तंत्र को पुनर्जीवित करना, बैंकों में पांच दिवसीय कार्य प्रणाली लागू करना, पुरानी पेंशन योजना बहाल करना, अष्टम वेतन आयोग की रिपोर्ट शीघ्र लागू करना शामिल है।इसके अलावा उत्पादकता आधारित बोनस की न्यूनतम सीमा 18 हजार रुपये, ग्रामीण डाक सेवकों को वेतन आयोग में शामिल करना, ईपीएस 95 के तहत न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये, ईएमआईसी पात्रता 42 हजार रुपये तथा स्ट्रीट वेंडर बोर्ड गठन और पीएम स्वनिधि योजना लागू करने की मांग उठाई गई।धरने में जिला अध्यक्ष बलराम सिंह, दयानंद कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष लालबहादुर प्रसाद, नरेश कुमार, रूबी देवी, बबलू पासवान, मिठू कुमार, सरयुग प्रसाद, उमेश चौधरी, सतीश चंद्र प्रभात सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

# स्कूल गईं, घर नहीं लौटीं: दो नाबालिग छात्राओं के लापता होने से सनसनी

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार थाना क्षेत्र में दो नाबालिग छात्राओं के लापता होने का मामला सामने आने से इलाके में चिंता का माहौल है। 22 फरवरी को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों मामलों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले मामले में लगभग 16 वर्षीया छात्रा के परिजनों ने बताया कि वह 21 फरवरी की दोपहर करीब तीन बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, किंतु कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद थाना में आवेदन देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई गई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

दूसरे मामले में नवमी कक्षा की करीब 14 वर्षीया छात्रा 21 फरवरी 2026 की सुबह पढ़ाई के लिए घर से निकली थी, परंतु देर शाम तक घर नहीं पहुंची। परिजनों ने आशंका जताते हुए पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए कांड दर्ज कर लिया है। अनुसंधान के लिए महिला पुलिस पदाधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संभावित स्थानों पर छानबीन, परिचितों से पूछताछ तथा अन्य तकनीकी पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोनों छात्राओं का पता लगाने का प्रयास तेज कर दिया गया

# पंप ऑपरेटरों को अवनी एप के उपयोग का मिला प्रशिक्षण



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड कार्यालय में बुधवार को पेयजल योजना के अनुरक्षकों एवं पंप ऑपरेटरों को अवनी एप की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पीएचईडी विभाग के जेई शंभू कुमार तथा जिला सहयोग विशेषज्ञ मंगलम कुमार सिंह ने किया। प्रशिक्षण में रुखाई, नरसंडा, सालेहपुर, अमरौरा और बढ़ौना पंचायतों के पंप ऑपरेटरों ने भाग लिया।

विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, शिकायत निवारण, परिसंपत्ति प्रबंधन तथा नियमित निगरानी की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। योजनाओं के सुचारु संचालन, जल गुणवत्ता की निगरानी और सामुदायिक जवाबदेही को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल माध्यम से क्षेत्र स्तर पर कार्यरत कर्मियों की क्षमता वृद्धि करना तथा पेयजल योजनाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना है। बताया गया कि एप से प्रत्येक दो माह में कम से कम एक बार जुड़ना अनिवार्य होगा।

# पांच हजार के विवाद में किशोर की गोली मारकर हत्या, एक हिरासत में

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मानपुर थाना क्षेत्र के डंबरबीघा गांव के समीप रुपये के विवाद में 17 वर्षीय किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पावा गांव निवासी रामानुज सिंह के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है।मृतक की मां उर्मिला देवी के अनुसार सौरभ का किसी व्यक्ति पर पांच हजार रुपये बकाया था। रुपये लेने के लिए उसे फोन कर घर से बाहर बुलाया गया। वह अपने मित्र मिथलेश के साथ कार से डंबरबीघा गांव के पास पहुंचा, जहां पहले से घात लगाए बाइक सवार चार बदमाशों ने उस पर गोली चला दी। बीच-बचाव करने पर बदमाशों ने उसके मित्र को हथियार का भय दिखाया और उसका मोबाइल भी छीन लिया।गोली लगने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने शोर सुनकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

सौरभ को इलाज के लिए पावापुरी चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मित्र की भूमिका पर भी संदेह जताया है। घटना के बाद अस्पताल में आक्रोशित परिजनों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित किया। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि प्रथम दृष्टया लेन-देन के विवाद में हत्या की आशंका है।

अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा



## गंगा की लहरों पर रंगों का शाही जश्न: "केक ऑन क्रूज़ – होली पार्टी 2026" का भव्य आयोजन




सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। इस होली राजधानी पटना में उत्सव का रंग और भी खास होने जा रहा है। मिस्टिक मोमेंटम द्वारा प्रस्तुत "केक ऑन क्रूज़ – होली पार्टी 2026" का आयोजन 1 मार्च 2026 को गंगा नदी के मध्य फ्लोटाफे क्रूज़, पटना पर किया जाएगा। यह भव्य कार्यक्रम प्रतिष्ठित काके दा होटल के सहयोग से आयोजित हो रहा है, जो अपनी समृद्ध विरासत, प्रामाणिक उत्तर भारतीय व्यंजनों और उत्कृष्ट आतिथ्य के लिए प्रसिद्ध है।इस विशेष आयोजन में अतिथियों को प्रीमियम खानपान अनुभव के साथ आकर्षकसाज-सज्जा, आधुनिक संगीत व्यवस्था और उच्चस्तरीय आयोजन प्रबंधन का आनंद मिलेगा। गंगा की लहरों के बीच रंगों का यह उत्सव एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और विशिष्ट माहौल में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में लाइव मनोरंजन के साथ अभिनेत्री परुल यादव और गौरव खुसवाहा की विशेष उपस्थिति इसे और भी आकर्षक बनाएगी।

आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम वर्ष 2026 की पटना की सबसे विशिष्ट और प्रतिष्ठित होली पार्टियों में से एक साबित होगा। टिकट मूल्य ₹4999 प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है, जो सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है।

मिस्टिक मोमेंटम बिहार में लक्ज़री आधारित आयोजनों के माध्यम से नए मानक स्थापित कर रहा है, और यह आयोजन उसी दिशा में एक और भव्य कदम माना जा रहा है।

## बीसीए वनडे ट्रॉफी में रोमांचक मुकाबले, कई टीमों की शानदार जीत



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित बीसीए मेंस सीनियर वनडे ट्रॉफी (लिस्ट ए) सत्र 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न मैदानों पर मुकाबले खेले गए। दिनभर हुए मैचों में सीतामढ़ी, कटिहार, सिवान, भागलपुर, बेगूसराय, पटना और कैमूर ने जीत दर्ज की।

जानकी स्टेडियम, सीतामढ़ी में सीतामढ़ी ने मधुबनी को 5 विकेट से हराया। मधुबनी 79 रन पर सिमट गई, जवाब में सीतामढ़ी ने 18 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

पूर्णिया के विद्या विहार ग्राउंड पर कटिहार ने किशनगंज को 7 विकेट से पराजित किया। किशनगंज ने 150 रन बनाए, जबकि कटिहार ने 17.5 ओवर में 153 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।पटना के यशवाना स्पोर्ट्स ग्राउंड में सिवान ने सारण को 68 रन से हराया। सिवान ने 250 रन बनाए, जबकि सारण 182 रन पर सिमट गई।

भागलपुर के संदिश कम्पाउंड में भागलपुर ने मुंगेर को 4 विकेट से हराया। मुंगेर के 284 रन के जवाब में भागलपुर ने 287 रन बनाकर मुकाबला जीता।बेगूसराय के आईओसी टाउनशिप ग्राउंड पर बेगूसराय ने सुपौल को 6 विकेट से हराया। वहीं मोइन-उल-हक स्टेडियम में पटना ने वैशाली को 8 विकेट से पराजित किया।सदिसोपुर, पटना में कैमूर ने रोहतास के 309 रन के लक्ष्य को 48.3 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर 5 विकेट से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में कई खिलाड़ियों ने शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन कर मुकाबलों को रोमांचक बना दिया।

## संगठन सृजन अभियान से कांग्रेस को मिलेगी नई धार : अशोक सिंह




सुजीत कुमार

पटना(अपना नालंदा)।बिहार में चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत आज सदाकत आश्रम में पटना महानगर कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ और सक्रिय नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पर्यवेक्षक एवं राज्यसभा सांसद अशोक सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में संगठन सृजन कार्यक्रम की रूपरेखा और उसके विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई।

मीडिया को संबोधित करते हुए अशोक सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन को धारदार और मजबूत बनाने के लिए सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के माध्यम से सक्रिय, ऊर्जावान और समर्पित लोगों को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि पार्टी की जमीनी पकड़ और मजबूत हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि आने वाले समय में यही अभियान जिलों में कांग्रेस नेतृत्व को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक तथा मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, सौरभ सिंहा और मुंद्रिका यादव ने भी संगठन सृजन कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी साझा की।

बैठक सह संवाददाता सम्मेलन में वरिष्ठ नेता सुबोध कुमार, जिलाध्यक्ष डॉ. शशि रंजन, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कुमार आशीष, रंजीत कुमार, बिमलेश तिवारी, ज्ञान रंजन सहित जिले के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## नस्ल सुधार से बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन, तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण शुरू




सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा), बुधवार।सात निश्चय-3 के तहत "कृषि में प्रगति, प्रदेश की समृद्धि" कार्यक्रम अंतर्गत डेयरी क्षेत्र में नस्ल सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कॉम्फेड सभागार में तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने की।

विशिष्ट अतिथियों में पशुपालन निदेशालय के निदेशक उज्ज्वल कुमार सिंह, कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ, गव्य विकास निदेशालय के निदेशक विनय कुमार चौधरी तथा बिहार पशुधन विकास अधिकरण के परियोजना निदेशक सुनील ठाकुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तहत राज्य के प्रखंड स्तरीय पशु चिकित्सालयों में पदस्थापित 534 भ्रमणशील पशु चिकित्सकों को आधुनिक तकनीक से कृत्रिम गर्भाधान और दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों के गठन के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद ये चिकित्सक अपने-अपने प्रखंडों में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं को उन्नत तकनीक, समिति गठन एवं निबंधन संबंधी प्रशिक्षण देंगे।

सचिव ने बताया कि आगामी तीन वर्षों में उच्च गुणवत्ता वाले सेक्स सॉर्टेड सीमेन के उपयोग से बेहतर नस्ल की बाछियां प्राप्त होंगी, जिससे दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और पशुपालकों की आय बढ़ेगी। डिजिटल एआई गन, डिजिटल थाविंग मशीन तथा आईवीएफ-ईटीटी जैसी तकनीकों से गर्भधारण दर में भी सुधार होगा।

कॉम्फेड प्रबंधन ने कहा कि संस्था दुग्ध संग्रहण के साथ नस्ल सुधार के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।